भारत की राष्ट्रपति

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

का

मॉरिटानिया में भारतीय समुदाय के लए आयोजित स्वागत समारोह में सम्बोधन

Nouakchott, 16 October 2024

आज मॉरिटानिया में, लघु कन्तु जीवंत और स क्रय भारतीय समुदाय के बीच उपस्थित होना मेरे लए वास्तव में प्रसन्नता और सम्मान की बात है। दोनों देशों के संबंधों को बढ़ाने में भारतीय समुदाय की भावना और योगदान को देखकर मैं गौरवान्वित हूं।

मेरे साथ हमारे Minister of State श्री सुकांत मजूमदार, और संसद सदस्य श्री अतुल गर्ग और श्री मुकेशकुमार दलाल भी हैं, और हम अपने साथ 140 करोड़ भारतीयों का अ भनंदन लेकर आए हैं।

भाइयो और बहनो,

मॉरिटानिया के साथ हमारे संबंध सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण हैं। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई क मॉरिटानिया और भारत की संस्कृति में अनेक समानताएं हैं। जैसे पहनावा, वशेषकर महिलाओं के परिधान, एक जैसे हैं; पूर्वजों के लए सम्मान है; पारिवारिक संबंध मजबूत हैं, संयुक्त परिवार हैं; बच्चों को सामाजिक मूल्य सखाए जाते हैं।

मुझे जानकर प्रसन्नता हुई क मॉरिटानिया में भारत में बनी फल्में/TV धारावाहिक और भारतीय परिधान पसंद कए जाते हैं। मॉरिटानिया के कई दर्शक Bollywood के सतारों और उनकी फल्मों को पसंद करते हैं।

यह सराहनीय है क भारतीय समुदाय इस देश के सामाजिक ताने-बाने में रच-बस गया है, और अपनी समृद्ध सांस्कृतिक वरासत और परंपराओं को बढ़ावा

देने के साथ-साथ, मॉरिटानिया के वकास और समृद् ध में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। आप सबका योगदान महत्वपूर्ण और अनमोल है।

भाइयो और बहनो,

मुझे यह देखकर प्रसन्नता हो रही है क हमारे दोनों देशों के बीच द् वपक्षीय संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। आज हमारे संबंधों का एक बहुत महत्वपूर्ण दिन है, क्यों क 1960 में मॉरिटानिया की स्वाधीनता के बाद, भारत की ओर से मॉरिटानिया की यह पहली राजकीय यात्रा है।

आज, मैं माननीय राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री और मॉरिटानिया के वरिष्ठ मंत्रियों से मुलाकात करूंगी। बातचीत के दौरान, मैं व भन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के लए लाभकारी सहयोग को बढ़ाने की संभावनाओं के बारे में चर्चा करूंगी, जिसके लए दोनों पक्षों को प्रयास करना है। भारत मानव संसाधन वकास, infrastructure निर्माण, कृ ष, स्वास्थ्य, शक्षा, skill development और digital innovation के माध्यम से मॉरिटानिया की वकास यात्रा में योगदान दे सकता है। आप सभी सहयोग की इस प्र क्रया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

भाइयो और बहनो,

जैसा क आप जानते हैं, भारत में लगातार सकारात्मक परिवर्तन कए जा रहे हैं। भारत अनेक क्षेत्रों में अभूतपूर्व वृद् ध और वकास कर रहा है। भारत वर्तमान में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, और आशा है क वर्ष 2030 तक भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हमारी GDP वकास दर में लगातार वृद् ध हो रही है।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र से लेकर, वैश्विक आ र्थक महाशक्ति का स्वरूप लेने तक, भारत वैश्विक मंच पर महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। भारत सरकार द्वारा innovation, और inclusiveness पर ध्यान केन्द्रित करने से यह बदलाव हो रहा है।

Digital India, Make in India और Skill India जैसी पहल का हमारे लाखों नागरिक लाभ उठा रहे हैं, और इससे वैश्विक सहयोग के अवसर उत्पन्न हो रहे हैं।

हम वर्ष 2047 तक भारत को ‘ वक सत भारत’ बनाने के अपने लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, और हमारा प्रवासी परिवार इस प्र क्रया में एक बहुत ही महत्वपूर्ण कारक है।

मैं, आप सभी से इस वकास यात्रा के दौरान अपने देश से जुड़े रहने, और इसमें भागीदारी करने का आग्रह करती हूं। आपके कौशल, वशेषज्ञता और अनुभव, भारत की प्रगति के लए मायने रखते हैं। इसके अलावा, इस देश में आप सब भारत के दूत हैं, और आप, दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भू मका निभाते आ रहे हैं। सांस्कृतिक आदान-प्रदान, आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देने के आपके कार्य सराहनीय हैं। हमें इस मत्रता और सहयोग को बनाए रखना है, साथ ही पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध भी बनाने हैं।

भाइयो और बहनो,

भारतीय समुदाय का सदा सहयोग करने के लए, मैं मॉरिटानिया की सरकार और इस देश के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करती हूं। आपके समावेशी और स्वागत भाव से ही, भारतीय समुदाय यहां फल-फूल रहा है और समृद्ध हो रहा है।

मुझे आशा है क आप अपना अच्छा काम जारी रखेंगे, और भारत-मॉरिटानिया संबंधों की बेहतरी के लए अपनी उपलब्धियों से हमें गौरवान्वित करेंगे। मैं आगामी वर्षों में आपके सभी प्रयासों के लए सफलता और समृद् ध की कामना करती हूं।

धन्यवाद!

जय हिंद!